**EGZAMIN CERTYFIKACYJNY Z JĘZYKA HINDI**

**NA POZIOMIE B1**

**TEST PRZYKŁADOWY**

**Za cały egzamin możesz uzyskać 120 punktów**

**Egzamin trwa 120 minut**

**Do wszystkich części egzaminu dołączone są instrukcje. Przeczytaj je uważnie zanim przystąpisz do rozwiązywania zadań testowych.**

**INSTRUKCJA TESTOWA**

Otrzymałaś/-eś książeczkę testową oraz kartę odpowiedzi.

**ROZWIĄZUJ TESTY 1.1 (pytania 1 - 5), 1.2 ( pytania 6 – 10) , 2.1 (pytania 11 – 15), 2.2 (pytania 16 – 20) 2.3 (pytania 21 – 25), 3.1 (pytania 26 - 35 )**

**NA KARCIE ODPOWIEDZI NR. 1 W NASTĘPUJĄCY SPOSÓB:**

- Do każdego pytania podane są dwie, trzy lub sześć odpowiedzi do wyboru, oznaczone literami a, b, c, d, e, f.
- Wybieraj za każdym razem jedną prawidłową odpowiedź .
- Możesz wykorzystywać książeczkę testową do zaznaczania odpowiedzi „na brudno".
- Na kartę odpowiedzi nanieś **ostateczną wersję**, zaznaczając **dokładnie** wybraną przez siebie literę obok właściwego numeru pytania.

**ROZWIĄZUJ TEST 3.2 (pytania 36- 45) ORAZ TEST 4**

**NA KARCIE ODPOWIEDZI NR. 2 W NASTĘPUJĄCY SPOSÓB:**

- Wszystkie odpowiedzi wpisuj **DŁUGOPISEM** na karcie odpowiedzi obok właściwego numeru pytania.
- Niniejszą książeczkę testową możesz wykorzystać do rozwiązywania testu „na brudno".
- Test 4 możesz napisać „na brudno" na odwrocie strony tytułowej lub na pustych stronach książeczki testowej.
- Pisz **wyraźnie**! Nieczytelne pismo nie będzie brane pod uwagę!

**Pamiętaj o takim zaplanowaniu czasu, aby wystarczyło go na wpisanie wszystkich odpowiedzi na karty odpowiedzi.**

**<u>Test 1: Rozumienie ze słuchu</u> pytania 1–10 (20 pkt.)**

**1.1. pytania 1–5 (10 pkt.)**

**Usłyszysz teraz dwukrotnie fragment audycji radiowej. Odpowiedz na pytania 1–5, wybierając jedną z trzech podanych możliwości oznaczonych a, b lub c. Przed wysłuchaniem zapoznaj się z tymi pytaniami. Wpisz swoje odpowiedzi na karcie obok właściwego numeru pytania.**

1. इस प्रोग्राम का नाम है ..................... ।

A) हाथी मेरा साथी

B) जानवरों के बीच

C) जानवरों की दुनिया

2. जब लोग अपने कुत्ते की ............. में देखते हैं तब ऑक्सीटोसिन यानी लव हार्मोन सक्रिय होता है।

A) नाक

B) तरफ़

C) आँखों

3. नए शोध के मुताबिक कुत्ते और उसके मालिक के बीच ऐसा ............. होता है जैसा माँ और बच्चे के बीच होता है।

A) रिश्ता

B) मतलब

C) भावना

4. ऐसे होता है क्योंकि कुत्ते को पालतू बनाना .......... है।

A) पागलपन

B) ग़ैरमुमकिन

C) संभव

5. कुत्ता इंसान के साथ इसलिए सहज से घुलमिल जाता है क्योंकि वह इंसानी व्यवहार और हावभाव को आसानी से .......... है।

A) देखता

B) सीखता

C) सुनता

**1.2. pytania 6–10 (10 pkt.)**

**Usłyszysz teraz dwukrotnie krótki fragment wywiadu. Zapoznaj się z pytaniami 6–10 i zdecyduj, które informacje są PRAWDZIWE (A), a które FAŁSZYWE (B). Zaznacz swoje odpowiedzi na karcie odpowiedzi.**

6. निलोफ़र रहमानी को अपना काम पसंद नहीं क्योंकि यह ख़तरनाक है।

A) prawda

B) fałsz

7. पाँच साल पहले निलोफ़र रहमानी की ट्रेनिंग शुरू हुई।

A) prawda

B) fałsz

8. निलोफ़र रहमानी ने अपने रिश्तेदारों को सब कुछ बताया।

A) prawda

B) fałsz

9. तालिबान की धमकियों से निलोफ़र रहमानी को डर था इसलिए उसने पायलट का काम छोड़ा।

A) prawda

B) fałsz

10. निलोफ़र रहमानी बचपन से ही पायलट बनना चाहती थी।

A) prawda

B) fałsz

**<u>Test 2: Czytanie</u> pytania 11–25** (30 pkt.)

**2.1. Pytania 11–15**

**Przeczytaj kolejne akapity artykułu oznaczone numerami 16-20 i dopasuj do nich odpowiednie tytuły oznaczone literami A-F. Jeden tytuł jest zbędny. Swój wybór zaznacz na karcie odpowiedzi.**

## बिना डायटिंग के वज़न कम करने की टिप्स

हमारी दिनचर्या में हम कई ऐसी बातें कर सकते हैं जिनसे वज़न अपने आप कम हो जाए। ऐसा करके आप डायटिंग करने से बच सकते हैं...

**11.** 10 मिनट तक ज़ोर ज़ोर से हँसने से आप क़रीब 50 किलो कैलोरी जला सकते हैं। एक वयस्क दिन में 8 बार हँसता है, जबकि बच्चे क़रीब 300 बार तक हँस सकते हैं।

**12.** घर की सफ़ाई करने में काफ़ी बहुत ऊर्जा जलती है। तो फिर पतला शरीर पाने के लिए थोड़ी मेहनत करें।

**13.** आपको जानना चाहिए कि मसालेदार खाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म़ तेज़ होता है। मिर्च और दालचीनी ख़ून में शुगर के स्तर को भी कम करते हैं।

**14.** कार में बैठने से हम पतले नहीं होंगे। लेकिन बस या ट्रेन से सफ़र करने में हम काफ़ी कैलोरी जला सकते हैं। अगर आपको दफ़्तर आने जाने में बस में दो घंटे लगते हैं तो यह 30 मील साइकिल चलाने के बराबर है।

**15.** हॉरर फ़िल्म देखते समय एक औसत वयस्क क़रीब 133 किलो कैलोरी जलाता है। इसकी वजह यह है कि जब हम किसी डरावने दृश्य से घबराते हैं तो एड्रीनेलिन हार्मोन से दिल की धड़कनें तेज़ हो जाती हैं।

**A)** मसालेदार खाना

**B)** पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल

**C)** बीमारी से संबंध

**D)** डरावनी फिल्में देखना

**E)** हँसना

F) घरेलू काम

**2.2. Pytania 16–20**

**Przeczytaj krótki artykuł i odpowiedz na pytania, wybierając właściwą odpowiedź spośród trzech podanych możliwości. Swój wybór zaznacz na karcie odpowiedzi.**

## ख़त्म हुआ प्रेम पत्र का ज़माना

पहले लोग प्रेम पत्र के ज़रिए एक दूसरे से प्यार करने की बात कहा करते थे। लेकिन आजकल मैसेजिंग ऐप के ज़माने में लोग लव लेटर्स को भूले।

अब तो मोबाइल या कंप्यूटर के ज़रिए बड़ी आसानी से 'आई लव यू' के मैसेज भेजे जाते हैं। ये नए तरीक़े बेहद सुविधाजनक ज़रूर हैं, पर उनमें पुराने प्रेम पत्र की बात नहीं होती। प्रेम पत्र का इतना जादू था कि काफ़ी फ़िल्मों में इसके बारे में गाने भी थे जैसे 'लिखे जो ख़त तुझे', 'मैंने ख़त महबूब के नाम लिखा', 'प्यार के काग़ज़ पे, 'दिल की क़लम से' जो आज भी जवान दिलों की धड़कनें बढ़ाते हैं। कई फ़िल्मों में प्रेम पत्र लिखने, फाड़ने और इसे दिलरुबा और जानेमन तक पहुँचाने की मुश्किलों के सीन हैं।

समय के साथ प्यार को प्रकट करने के तरीक़े बदलते हैं, पर प्यार तो अमर होता है।

16. मैसेजिंग ऐप के ज़माने में लोग

A) प्रेम पत्र के ज़रिए प्यार दिखाते हैं।

B) प्रेम पत्र नहीं लिखते हैं।

C) प्यार को बिलकुल भूले।

17. मोबाइल या कंप्यूटर के ज़रिए ख़बर भेजना

A) लेखक को नहीं आता।

B) ज़्यादा मुश्किल है।

C) सुविधाजनक होता है।

18. प्रेम पत्र के गाने

A) सिर्फ़ बूढ़े लोग जानते थे और आजकल महत्त्वपूर्ण नहीं हैं।

B) सुनने से न सिर्फ़ बूढ़ों के बल्कि जवान लोगों के दिल भी तेज़ धड़कते हैं।

C) भारतीय फ़िल्मों में नहीं मिलते हैं क्योंकि लोकप्रिय नहीं हैं।

19. 'लिखे जो ख़त तुझे', 'मैंने ख़त महबूब के नाम लिखा', 'प्यार के काग़ज़ पे' और 'दिल की क़लम से'

A) फ़िल्मी गाने हैं।

B) फ़िल्मों के नाम हैं।

C) किताबों के नाम हैं।

20. "कई फ़िल्मों में प्रेम पत्र लिखने, फाड़ने और इसे दिलरुबा और जानेमन तक पहुँचाने की मुश्किलों के सीन हैं" का मतलब है कि

A) पत्र पढ़ने के तुरंत बाद उसे फाड़ना चाहिए।

B) पुरानी फ़िल्मों में लड़की लड़के से पत्र माँगती थी।

C) यह सब कुछ कई फ़िल्मों में दिखाया गया।

**2.3. pytania 21–25**

**Przeczytaj uważnie poniższy list i zdecyduj, czy stwierdzenia go dotyczące są prawdziwe (A), fałszywe (B) lub brak informacji w tekście (C). Swój wybór zaznacz na karcie odpowiedzi.**

प्रिय रमेश,

नमस्ते।

मुझे तुम्हारा पत्र आज ही मिला। मैं बहुत ख़ुश हूँ कि तुम सब लोग कुशल हैं। ख़ासकर यह जानते हुए कि तुम्हारे पिता जी काफ़ी लंबी बीमारी के बाद ठीक हुए। तुम सब लोगों को उनका ज़्यादा ध्यान रखना चाहिए।

यह जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई कि तुम सभी परीक्षाओं में सफल हुए। तुमने बहुत मेहनत की थी और तुम्हें उसका फल मिला। याद है अँग्रेज़ी में फ़ेल होने

से तिम्हें कितना डर था? क्या तुमने अपने दोस्तों को पार्टी दी? क्या तुमने सोचा कि अब आगे क्या होगा? कोई न कोई नौकरी ज़रूर मिलेगी लेकिन मैं सोचता हूँ कि इतने अच्छे छात्र को पढ़ाई नहीं छोड़नी चाहिए।

मैंने एक नई गाड़ी ख़रीदी है क्योंकि पुरानी वाली ख़राब हो गई थी। जब मेरे पास आओगे तब मैं तुमको चलाने दूँगा।

यहाँ सब ठीक हैं और बेसब्री से तुम्हारा इंतज़ार कर रहे हैं। आने से पहले ज़रूर फ़ोन करना। तब हम सारी तैयारी कर पाएँगे और तुम्हारा पसंदीदा खाना बनाया जाएगा।

तुम्हारा,

विनोद

21. रमेश के पिता जी अभी तक बीमार हैं।

**(A) prawda / (B) fałsz / (C) brak informacji**

22. रमेश अँग्रेज़ी की परीक्षा में फ़ेल हुआ।

**(A) prawda / (B) fałsz / (C) brak informacji**

23. रमेश को अपनी पढ़ाई आगे करनी चाहिए।

**(A) prawda / (B) fałsz / (C) brak informacji**

24. विनोद अपनी पत्नी के बारे में लिख रहा है।

**(A) prawda / (B) fałsz / (C) brak informacji**

25. विनोद का परिवार रमेश से मिलना चाहता है।

**(A) prawda / (B) fałsz / (C) brak informacji**

**<u>Test 3: Użycie języka</u> pytania 26–45** (30 pkt.)

**3.1. Pytania 26–35 (**10 pkt.)

**Przeczytaj uważnie poniższy tekst, a następnie uzupełnij brakujące miejsca wybierając za każdym razem jedną z trzech możliwości (A, B, C) podanych pod tekstem. Na karcie odpowiedzi zaznacz literę odpowiadającą wybranej przez ciebie możliwości obok właściwego numeru pytania.**

## भारतीय परिवार

परिवार में बेटे और बेटी को बराबर (26) ... चाहिए। उनमें कोई फ़र्क नहीं करना चाहिए लेकिन भारत में कई लोग यह नहीं कर पाते। वे बेटे को बेटी से ज़्यादा महत्त्व (27) ... और इसलिए लड़कियाँ अपने आप को कम समझने (28) ... हैं। इस मानसिकता के कारण लड़के आसानी से बिगड़ सकते हैं और लड़कियों को बहुत परेशानियाँ सहनी (29) ... हैं। अब भी गाँवों में कई (30) .... अपनी बेटियों को पढ़ने नहीं देते और उनसे घर में काम करते रहते हैं। फिर लड़कियों को अक्सर एक अजनबी आदमी से शादी करनी पड़ती है और ससुराल में (31) .... रहना होता है। अक्सर ससुराल (32) .... लड़की के परिवार से दहेज़ (33) .... । तब लड़की की (34) ... बहुत मुश्किल हो जाती है। दहेज़ की वजह से भारत में बहुत लड़कियाँ मर जाती हैं। 2006 में महिलाओं की रक्षा के लिए एक नया क़ानून चला । फिर भी सभी लड़कियों को समय पर मदद नहीं (35) ... ।

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| 26. | जानना | मानना | भूलना |
| 27. | दिया करते हैं | दोगे | दिया |
| 28. | करती | सोचती | लगती |
| 29. | लगती | लेना | पड़ती |
| 30. | भाई-बहन | माँ-बाप | दादा-दादी |
| 31. | आने | निकलकर | जाकर |
| 32. | वाले | लोग | पति |
| 33. | मिलते हैं | माँगते रहते हैं | देते हैं |
| 34. | तबीयत | आशा | ज़िंदगी |
| 35. | ले जाती | होती | मिलती |

**3.2. Pytania 36-45** (20 pkt**.)**

**Przeczytaj uważnie poniższy tekst i uzupełnij każdą lukę jednym słowem. Wpisz te słowa na karcie odpowiedzi.**

## एक अजीब-सा दिन

एक दिन मुझे इतनी भूख लगी थी कि मैंने बासी चावल खा (36) .... । थोड़ी देर बाद मेरी तबीयत ख़राब हो (37) ... । पेट में दर्द होने (38) ... । मैं फ़ौरन डाक्टर के पास गया। डाक्टर ने मेरी जाँच शुरू (39) .... । जब उसने मेरा पेट दबाया तब मैं दर्द के कारण चिल्ला उठा । थोड़ी देर (40) ... मुझे उलटी हो गई और मेरी तबीयत बेहतर होने लगी। डाक्टर ने मुझे दवा दे दी और बता दिया कि मैं फिर से कोई बासी चीज़ न (41) ... । मैं (42) ... सोचा: 'अरे बाप रे! भूख की वजह से मैंने क्या बेवकूफ़ी की'! यह सोचते हुए मैं घर गया। घर पहुँते ही मैंने एक दोस्त को फ़ोन (43) ... । उसने फ़ोन उठाकर मुझ (44) ... पूछा: 'यार, कया तुम भूल गए कि आज रमेश के जन्म-दिन की पार्टी है? हम यहाँ कब से (45) ... इंतज़ार कर रहे हैं।

**Test 4: Pisanie** 40 pkt**.**

**W tej części musisz wykonać OBA zadania. Napisz oba teksty na karcie odpowiedzi w oznaczonym miejscu.**

**4.1. Napisz w liście do przyjaciółki bądź przyjaciela swoje wrażenia z imprezy urodzinowej kolegi/koleżanki. Napisz swój tekst w ok. 70–80 słowach na karcie odpowiedzi w oznaczonym miejscu.**

**4.2. Wyjeżdżasz na weekend i prosisz sąsiada o zaopiekowanie się mieszkaniem i psem. Napisz krótką instrukcję. Napisz swój tekst w ok. 70–80 słowach na karcie odpowiedzi w oznaczonym miejscu.**

## TEKST DLA EGZAMINATORÓW DO TEKSTU 1.1.

अगर आपका बच्चा घर में कुत्ते को रखना चाहता है तो आपको आज का प्रोग्राम 'जानवरों के बीच' ध्यान से सुनना चाहिए। अगर आप न कहकर बिना सोचे-समझे बच्चे की बात बार बार टाल देते हैं तो शायद आप ग़लत हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब लोग अपने कुत्ते की आँखों में देखते हैं तब ऑक्सीटोसिन यानी लव हार्मोन सक्रिय होता है। इसका मतलब है कि अगर आप अपने बच्चे के लिए प्यार और ख़ुशी चाहते हैं लेकिन काम की वजह से बच्चे के साथ ज़्यादा समय बिता नहीं सकते तो उसके लिए एक कुत्ता ख़रीद सकते हैं जो उसको प्यार और ख़ुशी दिलाएगा।

नए शोध के मुताबिक कुत्ते और उसके मालिक के बीच ऐसा रिश्ता होता है जैसा माँ और बच्चे के बीच होता है। यही वजह है कि इंसान महसूस करता है कि उसका पालतू कुत्ता उसके अपने घर का सदस्य है। कुत्ते का इंसान के साथ ऐसा रिश्ता बन सकता है क्योंकि कुत्ते को पालतू बनाना संभव है। इस शोध के मुताबिक भेड़िए के साथ इंसान का रिश्ता वैसा नहीं हो सकता क्योंकि भेड़िया पालतू बनाया नहीं जा सकता है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भी कहा जा सकता है कि कुत्ता इंसान के साथ इसलिए सहज से घुलमिल जाता है क्योंकि वह इंसानी व्यवहार और हावभाव को आसानी से सीखता है।

कया आप यह सब जानते हुए फिर से बिना सोचे-समझे कुत्ते को पालने से इंकार करेंगे? नई जानकारी पाने के लिए सुनते रहिए हमारा प्रोग्राम 'जानवरों के बीच'।

## TEKST DLA EGZAMINATORÓW DO TEKSTU 1.2.

**पूछनेवाला:** आज हमारे साथ हैं निलोफ़र रहमानी - अफ़ग़ानिस्तान की पहली महिला मिलिट्री पायलट। निलोफ़र जी, आपको 'काबुल विंग एयर फ़ोर्स एविएटर' का काम कैसा लगता है?

**निलोफ़र:** काम बहुत दिलचस्प है इसलिए मुझे बहुत अच्छा लगता है। सभी बोलते हैं कि एक औरत के लिए ख़तरनाक है लेकिन मुझे यह कभी महसूस नहीं हुआ। हवाई जहाज़ उड़ाते वक़्त मैं बेहद ख़ुश और आज़ाद हूँ।

**पूछनेवाला:** हमें बताइए - आप पायलट कैसे बन पाईं? इस अद्भुत काम में आप कैसे सफल हो गईं?

**निलोफ़र:** पाँच साल पहले मैं एयरफ़ोर्स की ट्रेनिंग के लिए चुनी गई।

**पूछनेवाला:** तब आप कितने साल की थीं?

**निलोफ़र:** मैं 18 साल की उम्र में अफ़ग़ान एयरफोर्स में शामिल हो गई। दो साल बाद मैं पायलट बन गई।

**पूछनेवाला:** आपके रिश्तेदारों ने क्या बताया?

**निलोफ़र:** शुरू में मैंने इस बात को अपने रिश्तेदारों से छुपाकर रखा क्योंकि अफ़ग़ानिस्तान में सबको लगता है कि महिलाओं को घर में ही रहना चाहिए।

**पूछनेवाला:** अफ़ग़ानिस्तान तो महिलाओं के लिए सख़्त देश माना जाता है। क्या किसी ने आपको हवाई जहाज़ उड़ने से रोकने की कोशिश की?

**निलोफ़र:** जी, मेरे परिवार को कई बार तालिबान से धमकियाँ मिलीं। लेकिन हम नहीं डरे और मेरी उड़ान जारी रही।

**पूछनेवाला:** आपको पायलट बनने की इच्छा कब से थी?

**निलोफ़र:** बचपन में मैंने एक चिड़िया को आसमान में उड़ते देखा था। तभी मैंने सोचा था कि बड़ी बनकर प्लेन उड़ाऊँगी। अफ़ग़ानिस्तान में बहुत-सी लड़कियाँ सपने देखती हैं, लेकिन परेशानियों और धमकियों से सपने पूरे नहीं हो पाते हैं। मेरा हो पाया है।

**पूछनेवाला:** निलोफ़र जी, बेशक आपकी वजह से आपके मुल्क की दूसरी लड़कियों की हिम्मत मज़बूत होगी जो घर से बाहर निकलकर कुछ करना चाहती हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी कहानी सारी दुनिया की लड़कियों को प्रेरित करती रहेगी।

**STRESZCZENIE/TYTUŁY TEKSTÓW: (po polsku)**

**I. Rozumienie ze słuchu.**
**1.1.** Pozytywny wpływ posiadania psa na rozwój emocjonalny jego właściciela.
**1.2.** Wywiad z pierwszą kobietą pilotem wojskowym w Afganistanie.

**II. Rozumienie tekstu pisanego.**
**2.1.** „Jak schudnąć bez stosowania diety"
**2.2.** „Koniec epoki listów miłosnych" - Tekst o pisaniu listów miłosnych kiedyś (również o ich miejscu w filmach hindi) i dziś.
**2.3.** List do Rameśa

**III. Użycie języka.**
3.1. „Indyjska rodzina"
3.2. „Pewien dziwny dzień"

**KLUCZ ODPOWIEDZI**

| | | |
|---|---|---|
| **1. B** | **21. B** | **41.** खाऊँ |
| **2. C** | **22. B** | **42.** ने |
| **3. A** | **23. A** | **43.** किया |
| **4. C** | **24. C** | **44.** से |
| **5. B** | **25. A** | **45.** तुम्हारा |
| **6. B** | **26. B** | |
| **7. A** | **27. A** | |
| **8. B** | **28. C** | |
| **9. B** | **29. C** | |
| **10. A** | **30. B** | |
| **11. E** | **31. C** | |
| **12. F** | **32. A** | |
| **13. A** | **33. B** | |
| **14. B** | **34. C** | |
| **15. D** | **35. C** | |
| **16. B** | **36.** लिया | |
| **17. C** | **37.** गई | |
| **18. B** | **38.** लगा | |
| **19. A** | **39.** की | |
| **20. C** | **40.** बाद | |